भाकृअनुप - केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर, मालपुरा 304501

फा.सं. हिंदी/अविपुंज/2018/ दिनांक : 29.04.2024

परिपत्र

विषय : अविपुंज 2024 पत्रिका में प्रकाशित करने हेतु लेख/सामग्री भेजने के संबंध में।

जैसा कि विदित है कि संस्थान द्वारा हिन्दी पत्रिका अविपुंज का नियमित प्रकाशन किया जाता है। उक्त पत्रिका में संस्थान मुख्यालय तथा इसके अधीनस्थ उपकेन्द्रों में आयोजित राजभाषा संबंधी गतिविधियों के साथ ही राजभाषा हिन्दी में लिखे गये विभिन्न लेखों का प्रकाशन किया जाता है।

संस्थान, अविकानगर अपनी **राजभाषा गृह पत्रिका "अविपुंज" के 17वें अंक** का प्रकाशन करने जा रहा है। अतः संस्थान मुख्यालय के सभी प्रभागों/अनुभागों तथा सभी उपकेन्द्रों के वैज्ञानिकों/तकनीकी अधिकारियों से अनुरोध है कि उन्नत भेड़, बकरी, खरगोश के पालन–पोषण, स्वास्थ्य, रखरखाव एवं उनके मूल्य सवर्धन, ऊन एवं चारे से संबंधित लोकप्रिय एवं जनउपयोगी हिंदी आलेख/पांडुलिपियां आमंत्रित की जाती है। साथ ही हिंदी सप्ताह समारोह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रस्तुत किये गये आलेख/हिंदी शोधपत्र एवं पोस्टर प्रदर्शन तथा हिंदी स्वरचित कविता भी आमंत्रित की जाती हैं। तद्नुसार अविपुंज हेतु सामग्री/लेख केवल ई–मेल के माध्यम से राजभाषा अनुभाग की ई–मेल **hindi.cswri@icar.gov.in** पर भिजवायी जाये।

यह भी अनुरोध है कि भेजी गई सामग्री/लेख संक्षिप्त एवं सारगर्भित तथा **कृतिदेव 010 फोंट** में टाईप करके रंगीन चित्रों **(JPG File)** के साथ केवल ई–मेल **hindi.cswri@icar.gov.in** पर (हार्डकॉपी न भिजवायी जाये) **31 मई, 2024** तक राजभाषा अनुभाग को भेजने की कृपा करें।

भवदीय

29/4/24

(जे0 पी0 मीना)
प्रभारी, राजभाषा

वितरण :

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव।
2. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी।
3. सभी प्रभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी, मुख्यालय अविकानगर।
4. अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी गड़सा, बीकानेर/मन्नवनूर क्षेत्रीय स्टेशन/केन्द्र ।
5. प्रभारी ए.के.एम.यू. को संस्थान वेबसाइट पर अपलोड़ करने के अनुरोध के साथ।
6. सूचना पट्ट।
7. रक्षित पत्रावली।